सं. ई-11012/1/2019-हिंदी/

भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

केन्द्रीय जल आयोग

कक्ष सं. 906(द.), सेवा भवन
आर.के. पुरम, नई दिल्ली-110066
दिनांक: 23 अगस्त, 2019

<u>कार्यवृत्त</u>

**विषयः संयुक्त सचिव, के.ज.आ. की अध्यक्षता में दिनांक 20.08.2019 को अपराहन 3.00 बजे हुई हिंदी पखवाड़ा-2019 संचालन समिति की बैठक का कार्यवृत्त।**

संयुक्त सचिव, के.ज.आ. की अध्यक्षता में दिनांक 20.08.2019 को अपराहन 3.00 बजे हिंदी पखवाड़ा संचालन समिति की हुई बैठक में निम्नलिखित सदस्य/सदस्यों के प्रतिनिधि उपस्थित थेः-

| | |
|---|---|
| 1. निदेशक (प्रशासन) | सदस्य |
| 2. उप निदेशक (पीसीपी) | प्रतिनिधि |
| 3. लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 4. सहायक निदेशक-2 (प्रशिक्षण) | प्रतिनिधि |
| 5. सहायक निदेशक (रा.भा.) | सदस्य सचिव |

**बैठक में हिंदी पखवाड़ा के आयोजन से संबंधित निम्नलिखित निर्णय लिए गएः-**

1. केन्द्रीय जल आयोग (मु0) में **हिन्दी दिवस उद्घाटन समारोह दिनांक 16.09.2019 को एवं** समापन **तथा पुरस्कार वितरण समारोह दिनांक 30.09.2019 को (तिथि एवं समय का निर्धारण** अध्यक्ष, **के.ज.आ. की अनुमति से बाद में सूचित किया जाएगा) प्रशिक्षण हॉल, 5वां तल, सेवा भवन** में आयोजित किया जाएगा।

2. हिंदी दिवस/हिंदी पखवाड़ा-2019 उद्घाटन समारोह के अवसर पर गृह मंत्रालय द्वारा जारी गृह मंत्री जी के संदेश को सचिव, के.ज.आ. द्वारा पढ़ा जाएगा।

3. हिन्दी पखवाड़ा के दौरान उद्घाटन व समापन समारोह के लिए प्रशिक्षण हॉल उपलब्ध करवाना, उसकी साफ-सफाई/सजावट, दीप प्रज्ज्वलन की पूर्ण व्यवस्था, अपेक्षित सभी प्रकार की स्टेशनरी उपलब्ध कराने, 5 बैनर बनवाने तथा लगवाना, प्रतियोगिताएं आयोजित करने के लिए हॉल की व्यवस्था, पुरस्कार विजेताओं को दी जाने वाली शील्डों को बनवाना, पीसीपी निदेशालय करेगा। शील्ड के नमूने अगली बैठक से पहले हिंदी अनुभाग को दिखा दिए जाएं।

**(कार्रवाई: पी सी पी निदेशालय)**

4. हिन्दी पखवाड़े के उद्घाटन, समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु सभी कार्यक्रमों में जलपान की व्यवस्था का कार्य प्रशिक्षण निदेशालय करेगा।

**(कार्रवाई: प्रशिक्षण निदेशालय)**

जारी.....2/-

5. केन्द्रीय जल आयोग में हिंदी पखवाड़ा के उद्घाटन/समापन समारोह के अवसर पर केन्द्रीय जल आयोग की सांस्कृतिक संस्था, जल तरंग द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।

**(कार्रवाईः संयोजक, सांस्कृतिक संस्था)**

6. बैठक में उपस्थित लेखा अधिकारी ने पखवाड़े के दौरान होने वाले व्यय की राशि कैश के रूप में समय पर उपलब्ध करवाने का अश्वासन दिया।

**(कार्रवाईः लेखा अधिकारी)**

**अंत में अध्यक्ष महोदय के धन्यवाद के साथ बैठक सम्पन्न हुई।**

23/8

(रजिन्दर पाल)
**सहायक निदेशक (रा.भा.)**
बी.पी.एल. नं. 3720

<u>प्रति आवश्यक कार्रवाई हेतुः-</u>

1. निदेशक, पीसीपी, के.ज.आ.।
2. निदेशक (प्रशिक्षण), के.ज.आ.।
3. निदेशक (प्रशा.), के.ज.आ.।
4. निदेशक, एसएमडी, के.ज.आ.।
5. निदेशक (डब्ल्यूएसई), के.ज.आ.।
6. लेखा अधिकारी, के.ज.आ.।
7. संयोजक, सांस्कृतिक संस्था।

<u>प्रतिलिपि सूचनार्थः-</u>

1. संयुक्त सचिव, के.ज.आ.।
2. सचिव, के.ज.आयोग।